कार्यालय—अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-Mail ID: nodalofficerddn@gmail.com, Phone/Fax: 0135 2767611

भारत 2023 INDIA

पत्रांक— 2283 / FP/UK/ROAD/15503/2015: देहरादूनः दिनांकः 01 अप्रैल, 2023

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
भारत सरकार,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर—मध्य क्षेत्र),
25 सुभाष रोड़, देहरादून।

विषय —जनपद अल्मोड़ा में खूँट काकड़ीघाट मोटर मार्ग से ठाठ ग्राम तक लिंक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.983 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की पत्र संख्या 08बी0 / यू0सी0पी0 / 06 / 140 / 2016 / एफ0सी0 / 789 दिनॉक 28.09.2021 |

महोदय,

भारत सरकार के उपर्युक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का संज्ञान लेने का कष्ट करें, जिससे भारत सरकार के द्वारा विषयांकित प्रकरण पर कतिपय सूचना आख्या चाही गयी थी। जिसकी अनुपालन आख्या वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड के पत्रांक—2601 / 12—1, दिनांक—18-03-2023,एवं प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा के पत्र दिनांक—16.03.2023 (प्रति संलग्न) के द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गई है जिसके अंर्तगत प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रश्नगत मोटर मार्ग में प्रस्तावित संरेखण के अतिरिक्त वैकल्पिक संरेखण का परीक्षण किया गया उक्त स्थल में पहाड़ी अत्यधिक ढलान में जिस कारण वैकल्पिक संरेखण तकनीकी दृष्टिकोण से उचित प्रतीत नहीं होता है। प्रस्तावित एवं वैकल्पिक दोनों संरेखणों का भूगर्भीय निरीक्षण कराया गया जिसमें प्रस्तावित संरेखण मोटर मार्ग हेतु उपयुक्त पाया गया है। इसके अतिरिक्त उपयुक्त वैकल्पिक संरेखण प्राप्त न हो पाने के कारण पूर्व प्रस्तावित मोटर मार्ग में 7 मी0 चौड़ाई में वृक्षों की गणना कर गणना सूची ऑनलाईन पोर्टल में अपलोड़ कर ली गयी है।

अतः प्रश्नगत प्रकरण में वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड के पत्रांक—2499 / 12—1, दिनांक—13.03.2023 एवं प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा के पत्र दिनांक-01.03.2023 द्वारा प्रेषित अनुपालन आख्या के क्रम में वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत यथोचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्न—उपरोक्तानुसार ।

भवदीय,

(एस0एस0रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोड़ल अधिकारी,
वन संरक्षण,उत्तराखण्ड,देहरादून।

संख्या : 2283 / FP/UK/ROAD/15503/2015 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, अल्मोड़ा को उनके पत्रांक 2601 / 12—1,दिनांक—18.03.2023 के कम में सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।
3. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड़ लोक निर्माण विभाग, अल्मोड़ा।

01/4/23

(एस0एस0रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोड़ल अधिकारी,
वन संरक्षण,उत्तराखण्ड,देहरादून।